# समाचार

# स्वच्छ भारत मिशन

## छठा चरण का स्वच्छता पखवाड़ा

## निहारिका स्थित फलोद्यान में चलाया गया विशेष अभियान

(आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल, निगम के पार्षदों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने दी सहभागिता, किया सफाई कार्य)




कोरबा 09 फरवरी 2016 –छठे चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज निहारिका स्थित निगम के फलोद्यान में साफ–सफाई कार्य का विशेष अभियान चलाया गया। फलोद्यान की सूरत बदलने आज काफी संख्या में नागरिकों ने वहां पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल, एम.आई.सी. सदस्य संतोष राय, पार्षद विकास अग्रवाल, अमर अग्रवाल व राजा गुप्ता सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों व सफाई ठेकेदारों ने सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

भारत शासन के दिशा निर्देशों के तहत स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में कोरबा जिले के विभिन्न नगरीय निकायों में स्वच्छता पखवाड़े विगत 16 नवम्बर 2015 से आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के विशेष मार्गदर्शन व आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के कुशल दिशा निर्देशन में पृथक–पृथक विषयों पर आधारित स्वच्छता पखवाड़ों का आयोजन किया जा रहा है। पांच चरण के स्वच्छता पखवाड़ों के सफलतापूर्वक आयोजन के पश्चात 01 फरवरी से 15 फरवरी 2016 तक छठे चरण का स्वच्छता पखवाड़ा संचालित हो रहा है। '' वाटर बाडी रिक्रेएशन पार्क, खेल मैदान, रेस्ट ऐरिया एवं अन्य लैण्डस्केप '' विषय पर संचालित किए जा रहे छठे चरण के इस पखवाड़े के अंतर्गत आज निहारिका सुभाष चौक स्थित निगम के फलोद्यान में सफाई कार्यो का विशेष अभियान चलाया गया। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने इस मौके पर अपनी विशेष उपस्थिति देते हुए लगभग 02 घंटे तक स्वयं साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया तथा सबका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य संतोष राय, पार्षद विकास अग्रवाल, राजा गुप्ता एवं अमर अग्रवाल, निगम के कार्यपालन अभियंता ए.के. शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. सारस्वत, राजस्व अधिकारी बी.पी. त्रिवेदी, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, उद्यान अधीक्षक एम.एल. तिवारी, सहायक अभियंता भूषण उरांव, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक कमलेश रात्रे, उद्यान निरीक्षक आनंद राठौर, हेमंत गभेल, सफाई ठेकेदार पुरूषोत्तम शर्मा, रामू पाण्डेय, फारूख मेमन, संतोष लांझेकर, राजीव जायसवाल, पंकज देवांगन, संजू अग्रवाल सहित काफी संख्या में नागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

**वार्ड क्र. 02 के स्वच्छतादूतों ने दी विशेष सहभागिता**– फलोद्यान में चलाए गए विशेष सफाई अभियान के दौरान वार्ड क्र. 02 के पार्षद श्री विकास अग्रवाल के नेतृत्व में उक्त वार्ड के स्वच्छतादूतों ने स्वच्छता कार्यो में आज अपनी विशेष

सहभागिता प्रदान की। इस मौके पर स्वच्छतादूत अजीत विश्वास, राजू गोस्वामी, दिनेश मिश्रा, निक्की, भागी चन्द्रा, विजय गुप्ता, मनीष मजूमदार, संदीप मजूमदार, अरविंद गोस्वामी, समीर मजूमदार, भठेरा, संदीप बिहारी, संजय निर्मलकर, शैलेष सोमवंशी, निधि अग्रवाल आदि ने साफ–सफाई कार्यो में बढ़–चढकर हिस्सा लिया।

**'' पहल '' संस्था की रही सराहनीय भूमिका**– स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज फलोद्यान में किए गए विशेष सफाई कार्यो के दौरान स्वयंसेवी संस्था '' पहल '' ने अपनी सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया। पार्षद एवं '' पहल – एक नई शुरूआत '' संस्था के प्रमुख श्री विकास अग्रवाल के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने पूरी इच्छाशक्ति के साथ साफ–सफाई कार्यो का संपादन किया, संस्था के सदस्य कमल कलवानी, गोपाल सिंह, सुरेश शर्मा, विजय निर्मलकर, सुखनंदन निर्मलकर, संजय निर्मलकर, विवेक अग्रवाल, सतवान राठौर, फिरोज मल्लिक, राघो शर्मा, वैभव शर्मा, सूरज पाण्डेय, शहाबुद्दीन खान, सुखनंदन, सूरज राठौर, चीटी मीटी, मनीष कुमार, राजू गुप्ता, पिंटू गुप्ता सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने सफाई कार्यो में अपनी विशेष भूमिका अदा की।

**10 फरवरी को इंदिरा स्टेडियम में होगा कार्य** –छठा चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत 10 फरवरी को प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम में विशेष साफ–सफाई का कार्य कराया जाएगा। निगम द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें। कार्ययोजना अनुसार 11 फरवरी को सर्वमंगला गार्डन में, 12 फरवरी को स्वीमिंग पूल स्टेडियम में तथा 15 फरवरी को विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) से मानस नगर ढेंगुरनाला पुल तक विशेष साफ–सफाई कार्यो का संपादन कराया जाएगा।